अभ्यास प्रश्न पत्र - 2019-20

# Performa For Marking Scheme

(1)

______________ Examination

Class: कक्षा - दसवीं  2019 - 2020  Subject: हिंदी (ब) (085)

Time: 3 घंटे  Max. Marks: 80

| Q. No. | DESCRIPTION | Sub. Division of Marks | Total Marks (Question wise) |
|---|---|---|---|
| | खंड 'क' (अपठित अंश) | | |
| उत्तर 1. | | | 10 |
| (क) | आधुनिक तकनीक की चकाचौंध में, मोबाइल कंप्यूटर, इंटरनेट आदि से। | 2 | |
| (ख) | मित्रता की भावना, आपस में भाईचारा का बढ़ना | 2 | |
| (ग) | परिवार में आपस में बात करने का समय नहीं, भावनात्मक लगाव का कम होना, पारिवारिक प्रेम में कमी आना आदि। | 2 | |
| (घ) | क्योंकि घर के सभी सदस्य मोबाइल, कंप्यूटर फोन में व्यस्त रहते हैं, परिवार के साथ कई दिनों तक बात नहीं होती, परिवार के सदस्यों के बीच जो प्रेम हुआ करता था अब वैसा नहीं रहा। | 2 | |
| (ङ) | कंप्यूटर पर गेम खेलते हुए | 1 | |
| (च) | 'तकनीक के दुष्परिणाम' आदि | 1 | |
| | | | |
| | खंड- 'ख' (व्यावहारिक व्याकरण) | | |
| उत्तर 2. | एक या अधिक वर्णों से बनी हुई स्वतंत्र और सार्थक समूह को शब्द कहते हैं। जैसे- गंगा, कमल, किताब आदि। जब वही शब्द वाक्य में प्रयोग होते हैं तब पद बन जाते हैं। जैसे- गंगा भारत की महत्वपूर्ण नदी है। यहाँ गंगा एक पद है। | 1×1 | 1 |
| उत्तर 3 | | 1×3 | 3 |
| (क) | उसने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी। | | |
| (ख) | दो सौ आदमियों का जुलूस लालबाज़ार जाकर गिरफ़्तार हो गया। | | |
| (ग) | जैसे ही भाई साहब ने उछलकर पतंग की डोर पकड़ी वैसे ही छात्रावास की ओर दौड़ पड़े। | | |

Scanned by CamScanner

# Performa For Marking Scheme



______________ Examination

20____ - 20____

Class.............................................. Subject..............................................

Time.............................................. Max. Marks..............................................

| Q. No. | DESCRIPTION | Sub. Division of Marks | Total Marks (Question wise) |
|---|---|---|---|
| उत्तर 4 | | 1×2 | 4 |
| (क) | राजकुमार → राजा का कुमार - तत्पुरुष समास | | |
| | धूप-छाँव → धूप और छाँव - द्वन्द्व समास | | |
| (ख) | यथाशक्ति - अव्ययीभाव समास | 1×2 | |
| | त्रिलोक - द्विगु समास | | |
| उत्तर 5 | | 1×4 | 4 |
| (क) | तुम्हारी दशा अच्छी नहीं है। | | |
| (ख) | तुम्हें देखकर मेरी चेतना लुप्त हो गई। | | |
| (ग) | मुझे केवल चाय दीजिए। | | |
| (घ) | वाह! क्या मनोरम दृश्य है। | | |
| उत्तर 6 | | 1×4 | 4 |
| (क) | सुध-बुध खो या अन्य कोई उपयुक्त मुहावरा | | |
| (ख) | आँखों में आँसू आ गए या " " " " | | |
| (ग) | होश खो दिया था " " " " | | |
| (घ) | तलवार लटकी था " " " | | |
| | | | |
| | खंड - 'ग' | | |
| | (पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) | | |
| उत्तर 7 | | 2+2+2 | 6 |
| (क) | बड़े भाई साहब बड़े होने के नाते यही चाहते और कोशिश करते थे कि वे जो कुछ भी करें वह छोटे भाई के लिए एक उदाहरण के ~~समान~~ समान हो। उन्हें लगता था कि वे स्वयं अनुशासित रहकर ही वे भाई को अनुशासन सीखा पाएँगे। इस आदर्श और गरिमामयी स्थिति को बनाए रखने के लिए उन्हें अपने मन की इच्छाएँ दबानी पड़ती थी। | | |
| | | | |
| | | | |

Scanned by CamScanner

# Performa For Marking Scheme

______________ Examination

20___ - 20___

Class.................................................. Subject..................................................

Time.................................................. Max. Marks..................................................

(B)

| Q. No. | DESCRIPTION | Sub. Division of Marks | Total Marks (Question wise) |
|---|---|---|---|
| (ख) | प्रकृति में आए असंतुलन का दुष्परिणाम | | |
| | बहुत ही भयंकर हुआ जैसे- | | |
| | • विनाशकारी समुद्री तूफान आने लगे। | | |
| | • अत्यधिक गरमी पड़ने लगी। | | |
| | • असमय बरसात होने से जन-धन और | | |
| | फसलों को नुकसान पहुँचने लगा। | | |
| | • नए-नए रोग उत्पन्न हो गए, जैसे | | |
| | पशु-पक्षी असमय मरने लगे। | | |
| (ग) | क्योंकि उनको जंगल में डेरा डाले हफ्तों | | |
| | हो गए थे, फिर भी वज़ीरअली भूत की | | |
| | तरह हाथ नहीं लगता था। इसी प्रकार | | |
| | रॉबिन हुड भी जंगलों में घूमता रहता | | |
| | था, पर किसी के भी हाथ नहीं | | |
| | लगता था। | | |
| (घ) | लेखक ने महसूस किया कि जैसे उसके | | |
| | दिमाग की गति मंद हो गई हो। धीरे | | |
| | -धीरे उसका दिमाग चलना बंद हो गया | | |
| | हो। उसे सन्नाटे की आवाज़ें भी सुनाई | | |
| | देने लगीं। उसे लगा कि मानो वह अनंतकाल | | |
| | से जी रहा है। वह भूत और भविष्य | | |
| | दोनों का चिंतन न करके वर्तमान में | | |
| | जी रहा हो। | | |
| | | | |
| उत्तर 8 | | 5 | 5 |
| (क) | स्त्री समाज ने अहम भूमिका निभाई थी। | | |
| | स्त्री समाज ने जगह-जगह से जुलूस | | |
| | निकालने की तथा ठीक स्थान पर पहुँचने | | |
| | की तैयारी और कोशिश की थी। स्त्रियों | | |
| | ने मोनुमेंट की सीढ़ियों पर चढ़कर | | |
| | झंडा फहराकर घोषणा-पत्र पढ़ा था तथा | | |
| | पुलिस के बहुत से अत्याचारों का सामना | | |

Scanned by CamScanner

# Performa For Marking Scheme



______________ Examination

20___ - 20___

Class............................................ Subject............................................

Time............................................ Max. Marks............................................

| Q. No. | DESCRIPTION | Sub. Division of Marks | Total Marks (Question wise) |
|---|---|---|---|
| | किया था। विमल प्रतिभा, जानकी देवी | | |
| | और मदालसा आदि ने जुलूस का | | |
| | सफल नेतृत्व किया था। | | |
| | अथवा | | |
| | ~~अथा~~ अर्थात सब प्राणियों की रचना अनेक | | |
| | तरह की मिट्टियों से हुई है। ये मिट्टियाँ | | |
| | आपस में मिलकर अपनी स्वाभाविकता, | | |
| | रंग-गंध आदि खो चुकी हैं। अब वे | | |
| | सब मिलकर एक हो चुकी हैं। अब | | |
| | किस व्यक्ति मे कौन-सी किस्म की | | |
| | मिट्टी कितनी है, इसकी पहचान कैसे | | |
| | की जाए। इसी तरह मनुष्य में भी | | |
| | सद्गुणों और दुर्गुणों का मेल है। किसमें | | |
| | कितना सद्गुण है और कितना दुर्गुण | | |
| | है, यह कह पाना कठिन है। | | |
| | | | |
| उत्तर 9 | | 2+2+2 | 6 |
| (क) | मीठी वाणी बोलने से मन का अहंकार समाप्त | | |
| | हो जाता है। यह हमारे तन को शीतलता | | |
| | प्रदान करती ही है, तथा सुननेवालों को | | |
| | भी सुख की तथा प्रसन्नता की अनुभूति | | |
| | कराती है। इसलिए सदा दूसरों को | | |
| | सुख पहुँचाने वाली व अपने मन को | | |
| | शीतलता प्रदान करने वाली मीठी | | |
| | वाणी का प्रयोग करना चाहिए। | | |
| (ख) | यह तोप सन 1857 ई० के प्रथम स्वतंत्रता | | |
| | संग्राम के समय अंग्रेजी सेना द्वारा | | |
| | प्रयोग की गई थी। इस तोप ने | | |
| | अपने गोले से असंख्य शूरवीरों को | | |
| | मार डाला था। यह तोप बड़ी शक्तिशाली | | |
| | थी परंतु अब प्रदर्शन की वस्तु बनकर | | |

Scanned by CamScanner

Marking Scheme

________________ Examination

20____ - 20____

Class.................................................. Subject..................................................

Time.................................................. Max. Marks..................................................



| Q. No. | DESCRIPTION | Sub. Division of Marks | Total Marks (Question wise) |
|---|---|---|---|
| | रह गई है। अब इससे कोई नहीं डरता। इसपर बच्चे घुड़सवारी करते हैं। चिड़ियाँ, गौरैए इसके भीतर घुस जाते हैं। यह तोप हमें बताती है कि कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, एक न एक दिन उसे धराशायी होना ही पड़ता है। | | |
| (ग) | जिस मनुष्य में अपने और अपनों के हित-चिंतन से पहले और सर्वोपरि दूसरों का हित-चिंतन होता है। वैसे लोग जिनके मरने के बावजूद युगों तक दुनिया की यादों में बना रहा। ऐसे मनुष्य की मृत्यु को ही कवि ने सुमृत्यु कहा है | | |
| (घ) | गोपियाँ श्रीकृष्ण से बातें करने, उनसे निकटता और अधिक समय व्यतीत करने की इच्छा के कारण। श्रीकृष्ण जी सदा मुरली बजाने में व्यस्त रहते हैं। अतः उनकी व्यस्तता मुरली बजाने में न होकर गोपियों के साथ समय बिताने में हो, बात करने में हो। | | |
| उत्तर 10 | यह गीत युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित फ़िल्म हकीकत के लिए लिखा गया है जिसके रचयिता उर्दू के प्रसिद्ध शायर कैफ़ी आज़मी हैं। इस गीत में गीतकार ने उन सैनिकों के हृदय के उद्गार को व्यक्त किया है, जिन्हें अपने देश के प्रति किए गए हर कार्य, हर कदम और हर बलिदान पर गर्व है। इसलिए उन्हें अपने देशवासियों से कुछ अपेक्षाएँ भी हैं कि उनके संसार से विदा होने के पश्चात वे देश की आन-बान व शान | 5 | 5 |

Scanned by CamScanner

**Performa For Marking Scheme**

________________ Examination

20____ - 20____

(6)

Class............ Subject............

Time............ Max. Marks............

| Q. No. | DESCRIPTION | Sub. Division of Marks | Total Marks (Question wise) |
|---|---|---|---|
| | पर आँच नहीं आने देंगे, बल्कि समय आने पर अपना बलिदान देकर देश की रक्षा करेंगे। | | |
| | अथवा | | |
| | 1. पर्वत, पहाड़, ताल, झरने आदि भी मनुष्यों की ही भाँति भावनाओं से ओत-प्रोत दिखाई देते हैं। | | |
| | 2. पर्वत ताल के जल में अपना महाकार देखकर हैरान से दिखाई देते हैं। | | |
| | 3. पर्वतों से बहते हुए झरने मोतियों की लड़ियों से प्रतीत होते हैं। | | |
| | 4. बादलों की ओट में छिपे पर्वत मानो पंख लगाकर कहीं उड़ गए हो तथा तालाबों से उठता हुआ कोहरा धुँए की भाँति प्रतीत होता है। | | |
| उत्तर 11 | | | |
| (क) | हरिहर काका जानते हैं कि जब तक उनकी ज़मीन-जायदाद उनके पास है, तब तक सभी उनका आदर करते हैं। ठाकुरबारी के महंत उनकी ज़मीन ठाकुरबारी के नाम करवाना चाहते हैं। उनके भाई उनका आदर-सत्कार ज़मीन के कारण करना चाहते हैं। हरिहर काका ऐसे कई लोगों को जानते हैं जिन्होंने अपने जीते जी अपनी ज़मीन किसी और के नाम लिख दी थी। बाद में उनका जीवन नरक बन गया था। वे नहीं चाहते कि उनके साथ भी ऐसा हो। | 3 | 3 |

Scanned by CamScanner

Examination (7)

20___ - 20___

Class............ Subject............

Time............ Max. Marks............

| Q. No. | DESCRIPTION | Sub. Division of Marks | Total Marks (Question wise) |
|---|---|---|---|
| (ख) | विद्यार्थियों को अनुशासन में रखने के लिए पाठ में अपनाई गई युक्तियाँ इस प्रकार हैं – पीटी साहब बिल्ला मार-मारकर बच्चों की चमड़ी तक उधेड़ देते थे। तीसरी-चौथी कक्षाओं के बच्चों से थोड़ा-सा भी अनुशासन भंग हो जाता, तो उन्हें कठोर सजा मिलती थी ताकि वे विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन की नींव दृढ़ बना सकें। इसके साथ ही उन्हें प्रोत्साहित और उत्साहित करने के लिए उन्हें 'शाबाशी' भी दी जाती थी। लेकिन वर्तमान में स्वीकृत मान्यताएँ इसके विपरीत हैं – आज शिक्षकों को विद्यार्थियों पर हाथ उठाने का कोई अधिकार नहीं है। बच्चों में अनुशासन और नैतिक मूल्य प्रेमपूर्वक सीखाने चाहिए। किसी भी प्रकार की शारीरिक और मानसिक यातना देना उचित नहीं है। विद्यार्थियों को स्वयं ही अनुशासन कायम रखने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए और विद्यालय परिवार का सहयोग करना चाहिए। आदि। | 3 | 3 |
| उत्तर 12 | अनुच्छेद लेखन (80-100 शब्द) | 6 | 6 |
| | • भूमिका - 1 | | |
| | • विषय-वस्तु - 4 | | |
| | • भाषा - 1 | | |
| नोट: | अनुच्छेद लेखन में शब्द सीमा और विषय-वस्तु के साथ भाषा का विशेष ध्यान रखें। सटीक और स्पष्ट लिखें। विषयांतर होने से बचें। | | |

उदाहरण, सूक्ति, मुहावरों आदि का प्रयोग करें।

Scanned by CamScanner

# Performa For Marking Scheme

______________ Examination

20____ - 20____

Class.............................. Subject..............................

Time.............................. Max. Marks..............................

| Q. No. | DESCRIPTION | Sub. Division of Marks | Total Marks (Question wise) |
|---|---|---|---|
| उत्तर 13 | पत्र लेखन (80-100 शब्द) | 5 | 5 |
| | • आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ 1 अंक | | |
| | • विषय-वस्तु - 3 अंक | | |
| | • भाषा - 1 अंक | | |
| नोट:- | पत्र के प्रारूप का विशेष ध्यान रखें। समस्या | | |
| | अथवा अपनी बात को स्पष्ट रूप से सरल भाषा | | |
| | में सीधे-सीधे लिखें। संबंधित अधिकारी और | | |
| | विषय के साथ-साथ भाषा का ध्यान रखें। | | |
| उत्तर 14: | सूचना लेखन (40-50 शब्द) | 5 | 5 |
| | • औपचारिकताएँ - 1 अंक | | |
| | • विषयवस्तु - 3 अंक | | |
| | • भाषा - 1 अंक | | |
| नोट:- | सूचना सरल, स्पष्ट और सारगर्भित भाषा में | | |
| | होनी चाहिए। शब्द-सीमा और भाषा | | |
| | का ध्यान रखें। | | |
| उत्तर 15 | संवाद लेखन (50-60 शब्द) | 5 | 5 |
| | • विषय-वस्तु - 3 अंक | | |
| | • संवादों की क्रमबद्धता - 1 अंक | | |
| | • भाषा - 1 अंक | | |
| नोट:- | संवाद सरल, मुहावरेदार और जीवंत भाषा में | | |
| | लिखा जाना चाहिए। संवाद में क्रमबद्धता और | | |
| | विराम चिह्नों के प्रयोग का ध्यान रखें। | | |
| उत्तर 16 | विज्ञापन लेखन (25-50 शब्द) | 5 | 5 |
| | • विषय-वस्तु - 2 अंक | | |
| | • प्रस्तुति - 2 अंक | | |
| | • भाषा - 1 अंक | | |
| नोट:- | विज्ञापन लेखन में चित्रमयी भाषा का | | |
| | प्रयोग होना चाहिए। अपेक्षाकृत कम | | |
| | शब्दों का प्रयोग करते हुए रोचक ढंग से | | |
| | प्रस्तुति होनी चाहिए। चित्रांकन अवश्य | | |
| | करें। गागर में सागर भरने वाली बात | | |
| | होनी चाहिए। | | |

Scanned by CamScanner